**संख्या 1/8/2013-ई-IV**

**भारत सरकार**

**जल संसाधन मंत्रालय**

**नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण, इंदौर (मध्य प्रदेश) में पीबी - 4 में 67000-79000/- रुपये के वेतनमान में कार्यकारी सदस्य (समूह 'क' गैर-अनुसचिवीय इंजीनियरिंग) का एक पद प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित) के आधार पर भरना- आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख बढ़ाने बावत में ।**

**नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण (एनसीए), केन्द्र सरकार द्वारा नर्मदा जल विवाद अधिकरण के निर्णय एवं निर्देश के कार्यान्वयन का अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अन्तर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम, 1956 की धारा 6 ए द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए स्थापित किया गया एक कॉर्पोरेट निकाय है । नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण का मुख्यालय इंदौर, मध्य प्रदेश में है ।**

2. नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण (एनसीए), इंदौर में 67000-79000/- रूपए के वेतन मान में कार्यकारी सदस्य के पद प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरने हेतु दिनांक 23-29 नवंम्बर, 2013 के रोजगार में पहले प्रकाशित, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख एतत् द्वारा बढ़ाई जाती है । तथापि, जिन्होंने संदर्भाधीन विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदन किया हुआ है । उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है ।

3. पद, पात्रता शर्तों आदि का ब्यौरा **<u>अनुलग्नक-I</u>** में दिया गया है । प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए चयनित अधिकारी का वेतन कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के का. ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्था. (वेतन . II) के अनुसार विनियमित किया जाएगा ।

4. केवल उचित माध्यम से आवेदन भेजने वाले और आवेदन के साथ (i) दिए गए प्रारूप **(<u>अनुलग्नक - II</u>)** में दर्शाए गए अनुसार जीवन-वृत्त (तीन प्रतियों में), (ii) पिछले पांच वर्षों की एसीआर की सत्यापित छाया प्रतियां, (iii) सतर्कता निकासी / सत्यनिष्ठा प्रमाण- पत्र एवं (iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई बड़ी अथवा छोटी शास्तियों, यदि कोई हो, का ब्यौरा देते हुए विवरण संलग्न करने वाले अधिकारियों / अभ्यर्थियों के आवेदनों पर विचार किया जाएगा ।

5. इसलिए यह अनुरोध किया जाता है कि उपयुक्त एवं पात्र अधिकारियों, जिन्हें चयन की स्थिति में तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता है, के आवेदन उचित माध्यम से रोजगार समाचार में इस विज्ञापन को जारी किए जाने / प्रकाशित किए जाने की तारीख से **<u>60 दिन के अंदर</u>** श्री अजय कुमार, अवर सचिव (स्था. IV), जल संसाधन मंत्रालय, कमरा संख्या 625, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली -110001 को भेजे जाएं ।

**6. आवेदन पत्रों की अग्रिम प्रतियां अथवा निर्धारित अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन अथवा आवश्यक प्रमाण पत्रों / दस्तावेजों के बिना भेजे गए आवेदन पत्र निरस्त कर दिए जाएंगे ।**

Sd/-

**(अजय कुमार)**

**अवर सचिव, भारत सरकार**

1. **पद का नाम** : कार्यकारी सदस्य, नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण
2. **पदों की संख्या** : एक
3. **पद का वर्गीकरण** : समूह 'क' गैर-अनुसचिवीय इंजीनियरिंग
4. **वेतनमान** : 67000-79000/- रुपये
5. **आयु सीमा** : प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।
6. **प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) की पात्रता शर्तें** : नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण के अधिकारियों सहित, केन्द्र /राज्य सरकारों / केन्द्र शासित प्रदेशों / मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / अर्द्ध सरकारी / स्वायत्त / सांविधिक संगठनों के वे अधिकारी जो :

(क) (i) मूल संवर्ग /विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद (उच्चतर प्रशासनिक ग्रेड) धारक हों, अथवा

(ii) मूल संवर्ग / विभाग में वेतन बैंड (पीबी - 4) 37400-67000/- रुपये और 10000/- रुपए ग्रेड वेतन के वेतनमान (अथवा समकक्ष) में मुख्य अभियंता अथवा समकक्ष पद (वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड) में कम से कम 3 वर्ष की नियमित सेवा की हो; अथवा

(iii) समूह 'क' पद अथवा समकक्ष पद पर कम से कम 25 वर्ष की नियमित सेवा जिसमें से मूल संवर्ग / विभाग में कम से कम 1 वर्ष की नियमित सेवा वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड अर्थात (वेतन बैंड - 4) 37400-67000/- रुपये और 10000/- रुपये ग्रेड वेतन के वेतनमान में अथवा समकक्ष वेतनमान में पूरी की हो; और

(ख) निम्नलिखित योग्यता और अनुभव रखते हों :-

**अनिवार्य**

(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल / इलेक्ट्रीकल / मेकैनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री ।

(ii) अधिकारी को सिंचाई / विद्युत क्षेत्र में बड़ी, बृहत और बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं की आयोजना, निरूपण / निष्पादन में कुल मिलाकर कम से कम 5वर्ष का अनुभव और पर्याप्त प्रशासनिक कौशल प्राप्त हो ।

**वांछनीय**

अन्तरराज्यीय मुद्दों को निपटाने का अनुभव

टिप्पणी 1 : प्रति नियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक संविदा सहित), उसी अथवा किसी अन्य संगठन / भारत सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से तुरंत पहले किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यतया 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी । प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पणी 2 : अधिकारी, लाभार्थी राज्यों अर्थात गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के बजाए अन्य राज्यों से होना चाहिए ।

टिप्पणी 3 : प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के प्रयोजनार्थ, अधिकारी द्वारा 01.01.2006 / जब से छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशें लागू हुई हैं, से पहले नियमित आधार पर की गई सेवा को आयोग की सिफारिशों के अनुरूप ग्रेड वेतन / वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा लेकिन जहां वेतन के एक से अधिक संशोधन -पूर्व वेतनमान को एक साझे ग्रेड वेतन / वेतनमान में मिला दिया गया है और जहां यह लाभ केवल उस पद (पदों) को पहुंचेगा जिसके लिए वह ग्रेड वेतन / वेतनमान बिना किसी अपग्रेडेशन के सामान्य विस्थापन ग्रेड होगा, यह शर्त लागू नहीं होगी ।

7. **तैनाती का स्थान** : इन्दौर (मध्य प्रदेश)

8. **प्रतिनियुक्ति की अवधि** : प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालिक संविदा सहित), उसी अथवा किसी अन्य संगठन / भारत सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से तुरंत पहले किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यतया 5वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पणी : पद को 31.10.2016 तक स्थायी आमेलन के नियम से छूट प्राप्त है । इस अवधि को भारत सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के परामर्श से बढ़ाया जा सकता है ।

## जीवन-वृत्त

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **आवेदन किए गए पद का नाम** | : | |
| 1. | नाम और पता स्पष्ट अक्षरों में | : | |
| 2. | जन्म तिथि (ईस्वी सन में) | : | |
| 3. | केन्द्र / राज्य सरकार नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख | : | |
| 4. | मूल निवास का राज्य (क्या गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के निवासी हैं) | : | |
| 5. | शैक्षिक योग्यता | : | |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | क्या आप इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक योग्यताएं रखते हैं । (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित किसी योग्यता के समतुल्य माना गया है तो इसके लिए प्राधिकरण का उल्लेख करें) | |
| | अपेक्षित योग्यताएं /अनुभव | अधिकारी की योग्यताएं / अनुभव |
| | अनिवार्य | |
| | 1. | |
| | 2. | |
| | 3. | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ड.) | विश्वविद्यालय | : | |
| च) | अन्य | : | |
| 12. | कृपया बताएं कि क्या आप इसी विभाग में कार्य कर रहे हैं और फीडर ग्रेड में हैं अथवा फीडर ग्रेड के फीडर ग्रेड में हैं | : | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | क्या आप संशोधित वेतनमान ले रहे हैं ? यदि हां, तो संशोधन की तारीख बताएं तथा संशोधन पूर्व वेतनमान का भी उल्लेख करें | : | |
| 14. | वेतनमान एवं वर्तमान में आहरित कुल परिलब्धियां | : | |
| 15. | अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसे आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लिखित करना चाहते हों । इसमें अन्य बातों के साथ साथ निम्न के संबंध में सूचना दी जा सकती है :-<br>(i) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यताएं :<br>(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण; और:<br>(iii) रिक्ति परिपत्र / विज्ञापन में निर्धारित अनुभव के अतिरिक्त कार्य अनुभव :<br>(टिप्पणी : यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से एक शीट लगाएं) । | | |
| 16. | कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) आधार के लिए आवेदन कर रहें हैं । (केंद्र/राज्य सरकारों के तहत आने वाले अधिकारी केवल "प्रतिनियुक्ति" के पात्र हैं । गैर-सरकारी संगठनों के उम्मीदवार केवल अल्पकालिक संविदा के पात्र हैं ।) | | |
| 17. | क्या अनुसूचित जाति / जनजाति से संबंधित हैं । | | |
| 18. | अभ्युक्तियां<br>(अभ्यर्थी निम्न के संबंध में सूचना दे सकते हैं)<br><br>(i) शोध प्रकाशन एवं रिपोर्ट और विशेष परियोजनाएं | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (ii) पुरस्कार / स्कॉलरशिप / कार्यालयी प्रशंसा<br>(iii) पेशेवर निकायों / संस्थाओं / सोसाइटियों के साथ संबद्धता<br>(iv) कोई अन्य सूचना<br>(टिप्पणी : यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से एक शीट संलग्न करें) | | |

मैं प्रमाणित करता हूं कि मेरे द्वारा ऊपर दिया गया ब्यौरा सत्य, पूर्ण एवं सही है ।

मैंने रिक्ति परिपत्र / विज्ञापन ध्यान से पढ़ लिया है और मैं इस पद के लिए पात्र हूं । मैं इस पद के लिए अपनी इच्छा व्यक्त करता हूं कि चयन होने की स्थिति में पद ग्रहण कर लूंगा । यदि नियुक्ति दिए जाने के बाद मैं अपनी अनिच्छा व्यक्त करता हूं तो मुझे प्रतिनियुक्ति के किसी भी पद के लिए विचार करने हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए अयोग्य करार दे दिया जाए ।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

दिनांक

पता ________________________

यह प्रमाणित किया जाता है कि दिया गया विवरण सही है और अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला लंबित अथवा विचाराधीन नहीं है और पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर कोई शास्ति, बड़ी अथवा छोटी, नहीं लगाई गई है और उनकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है ।

विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर (मोहर के साथ)

दिनांक: